सं.ई 11016/01/2023-रा.ए.

भारत सरकार

पत्र सूचना कार्यालय

(राजभाषा एकक)

शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

दिनांक: 09 अगस्त, 2023

विषय- पत्र सूचना कार्यालय, मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़ा, 2023 का आयोजन।

इस कार्यालय में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने तथा सरकारी कामकाज में अधिकारियों/कर्मचारियों की हिंदी के प्रति रुचि को बढ़ाने के उद्देश्य से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 से 29 सितंबर, 2023 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान ब्यूरो में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी:-

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता का नाम | तारीख व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | 18.09.2023 (सोमवार), 11:00 बजे | सम्मेलन कक्ष |
| 2. | हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता | 19.09.2023 (मंगलवार), 11:00 बजे | |
| 3. | अनुवाद प्रतियोगिता | 20.09.2023 (बुधवार), 11:00 बजे | |
| 4. | सामान्य हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता | 21.09.2023 (गुरूवार), 11:00 बजे | |
| 5. | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (केवल अंग्रेजी के आशुलिपिक ग्रेड 'घ', वैयक्तिक सहायक, सहायक अनुभाग अधिकारी, वरिष्ठ सचिवालय सहायक एवं कनिष्ठ सचिवालय सहायक तथा एम.टी.एस. के लिए) | 22.09.2023 (शुक्रवार), 11:00 बजे | राजभाषा एकक |
| 6. | हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता (केवल एम.टी.एस. वर्ग के लिए) | 25.09.2022 (सोमवार), 11:00 बजे | सम्मेलन कक्ष |
| 7. | हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता | 26.09.2022 (मंगलवार), 11:00 बजे | |
| 8. | हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता | 27.09.2023 (बुधवार), 11:00 बजे | |

2. उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को निम्नानुसार पुरस्कार दिए जाएंगे:-

| क्रम सं0 | पुरस्कार एवं संख्या | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम (01 पुरस्कार) | 4000/- रुपये |
| 2. | द्वितीय (01 पुरस्कार) | 3000/- रुपये |
| 3. | तृतीय (01 पुरस्कार) | 2000/- रुपये |
| 4. | सांत्वना (03 पुरस्कार) | 1000/- रुपये |

3. प्रतियोगिताओं से संबंधित सामान्य नियम एवं शर्तें अनुलग्नक-1 में दी गई हैं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी कृपया अपना नाम, पदनाम, अनुभाग/ एकक और मातृभाषा संबंधी सूचना (संलग्न प्रपत्र में) दिनांक 07 सितम्बर, 2023 तक राजभाषा एकक (कमरा नं0 715), शास्त्री भवन में अवश्य भिजवा दें।

कृ.पृ.उ./P.T.O.

(नोट:- 1. विजेता प्रतिभागी को अधिकतम राशि के दो से अधिक पुरस्कार नहीं दिए जाएंगे।
2. यदि किसी प्रतियोगिता में 06 से कम प्रतिभागी होंगे तो वह प्रतियोगिता रद्द कर दी जाएगी।
3. उक्त प्रतियोगिताओं के दौरान मोबाइल फोन आदि का प्रयोग पूर्णत: वर्जित होगा।)

संलग्नक: यथोक्त।

जी. वेंकट सुब्बय्या

(जी वेंकट सुब्बय्या)
निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष : 23384684

सेवा में,

पत्र सूचना कार्यालय, मुख्यालय के शास्त्री भवन और एनएमसी में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारी/अनुभाग/एकक।

प्रतिलिपि:-

1. प्रधान महानिदेशक (मी.एवं सं.) के प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
2. पत्र सूचना कार्यालय, मुख्यालय के सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया वे अपने कार्यालय में कार्मिकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित करें तथा आयोजित किए गए कार्यक्रमों की सूचना समापन के बाद मुख्यालय को अवश्य भिजवाएं।
3. निदेशक (हिंदी इकाई), पत्र सूचना कार्यालय, नई दिल्ली।
4. उप निदेशक (राजभाषा), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
5. उप निदेशक (प्रशासन/डीपीएस/पीएमयू/सतर्कता/रोकड़ व बजट/सामान्य/सोशल मीडिया), पत्र सूचना कार्यालय शास्त्री भवन/एनएमसी नई दिल्ली।
6. अनुभाग अधिकारी- प्रशासन-I,II व III/सतर्कता/रोकड़/बजट/सामान्य/पीएमएस/पीएमयू/डीपीएस/ओएएस/आरएंडडीएस/एनएमसी सेल। (कृपया इसे अपने अनुभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों में परिचालित करें।
7. पत्र संपर्क अनुभाग से अनुरोध है कि कृपया प्रतियोगिताओं के लिए उपरोक्त कार्यक्रमानुसार सम्मेलन कक्ष को आरक्षित कर दिया जाए।
8. एनआईसी, पीआईबी को वेबसाइट पर डालने हेतु।
9. नोटिस बोर्ड (शास्त्री भवन/एनएमसी)

जी. वेंकट सुब्बय्या

(जी वेंकट सुब्बय्या)
निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष : 23384684

## पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के सामान्य नियम एवं शर्तें:-

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता, 2023

1. प्रतियोगिता की अवधि डेढ़ घण्टे की होगी और निबंध कम-से-कम 500 (पांच सौ) शब्दों का होना चाहिए।
2. प्रतिभागियों को प्रश्न-पत्र में दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा।
3. निबंध 100 अंकों का होगा और कथ्य, भाषा, शैली, विचारों की स्पष्टता और सुंदर लेख आदि के आधार पर अंक दिए जाएंगे।
4. कृपया प्रतिभागी अपना पेन आदि स्वयं लाएं।

### हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता, 2023

1. प्रतियोगिता की अवधि डेढ़ घण्टे की होगी ।
2. प्रश्न-पत्र 100 अंकों का होगा, जिसमें भारत सरकार के कार्यालयों में किए जाने वाले कार्यों से संबंधित टिप्पणियों और मसौदा लेखन संबंधी प्रश्न होंगे।
3. कृपया प्रतिभागी अपना पेन आदि स्वयं लाएं ।

### अनुवाद प्रतियोगिता, 2023

1. इसमें मुख्यालय में अनुवाद/राजभाषा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छोड़कर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगिता की अवधि डेढ़ घण्टे की होगी, जिसमें पैराग्राफ/टिप्पणियां/वाक्यांश/शब्द आदि का अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करना होगा।
3. यह प्रतियोगिता 100 अंकों की होगी।
4. कृपया प्रतिभागी अपना पेन आदि स्वयं लाएं।

### सामान्य हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता, 2023

1. प्रतियोगिता में मुख्यतः हिंदी भाषा एवं हिंदी व्याकरण, हिंदी साहित्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सामान्य ज्ञान तथा राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन संबंधी विभिन्न प्रावधानों जैसे राजभाषा अधिनियम, नियमों, वार्षिक कार्यक्रम में "क" "ख" और "ग"क्षेत्रों के लिए दिए गए विभिन्न लक्ष्यों आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।
2. प्रश्न-पत्र 100 अंकों का होगा और प्रतियोगिता की अवधि डेढ घण्टे होगी।
3. कृपया प्रतिभागी अपना पेन आदि स्वयं लाएं।

हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, 2023

1. हिन्दी टंकण प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक टंकक को दी जाने वाली समयावधि का निर्धारण प्रतियोगिता के दौरान ही किया जाएगा।
2. इस प्रतियोगिता में केवल अंग्रेजी के आशुलिपिक ग्रेड 'घ', वैयक्तिक सहायक, सहायक अनुभाग अधिकारी, वरिष्ठ सचिवालय सहायक एवं कनिष्ठ सचिवालय सहायक, सी.जी.-1, सी.जी.-2 तथा एम.टी.एस. आदि भाग ले सकते हैं।
3. प्रतियोगिता 100 अंकों की होगी।
4. प्रतियोगिता कम्प्यूटर पर आयोजित की जाएगी।

हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता, 2023

1. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी को उसी समय एक पर्ची के माध्यम से विषय प्राप्त होगा।
2. प्रतियोगिता का समय प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 03 से 04 मिनट का होगा।
3. आशुभाषण प्रतियोगिता के लिए तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल होगा।
4. विचारों की स्पष्टता तथा भाषा-शैली को ध्यान में रखा जाएगा।
5. इस प्रतियोगिता में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकते हैं।

हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता, 2023

1. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी को स्वरचित अथवा किसी अन्य द्वारा रचित हिंदी कविता बोलने की अनुमति होगी।
2. हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता के लिए तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल होगा।
3. इस प्रतियोगिता में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकते हैं।

श्रुतलेख प्रतियोगिता, 2023 (केवल एम.टी.एस. वर्ग के लिए)

1. श्रुतलेख प्रतियोगिता में केवल एम.टी.एस. ही भाग ले सकेंगे।
2. प्रतियोगिता में पैराग्राफ और कुछ वाक्यांश/शब्द बोले जाएंगे, जिन्हें प्रतिभागियों को निश्चित समयावधि के दौरान स्वच्छ एवं सुंदर ढंग से बिना किसी त्रुटि के लिखना होगा।
3. सुंदर लेख के लिए अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे।
4. प्रतियोगिता की अवधि 30 मिनट होगी और प्रश्न-पत्र 100 अंकों का होगा।

******

# पत्र सूचना कार्यालय, मुख्यालय

## शास्त्री भवन, नई दिल्ली

**हिन्दी पखवाड़ा, 2023 के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु**

**प्रपत्र**

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम ....................................................................................
2. पदनाम....................................................................................................................
3. अनुभाग/एकक.................................................................................
4. मातृभाषा.......................................................................................
5. प्रतियोगिता जिसमें भाग लेना चाहते हैं:-

1. ..........................................................................
2 ..........................................................................
3 ..........................................................................
4 ..........................................................................
5 ..........................................................................
6 ..........................................................................
7 ..........................................................................
8 ..........................................................................

प्रतिभागी के हस्ताक्षर एवं तारीख ......................................

दूरभाष / मोबाइल नं0 ..................................................